तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज **गोविन्द राजपुरोहित बनाम लो.सू.अ. (अपर जिला कलक्टर प्रथम जोधपुर)** सू.अ.अ. अपील संख्या 141/2022	नं0 व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
16-06-2022	अपीलार्थी गोविन्द राजपुरोहित पुत्र मोहनलाल राजपुरोहित, पता म.नं.18, द्वितीय बी रोड़, सरदारपुरा जोधपुर ने सूचना का अधिकार के तहत प्रार्थना–पत्र दिनांक 20.04.2022 में (1) प्रार्थी के द्वारा जिला कलक्टर (सतर्कता) जोधपुर को प्रस्तुत प्रार्थना पत्र दिनांक 28.03.2022 पर जिला कलक्टर जोधपुर कार्यालय के द्वारा आज दिनांक तक की गई समस्त कार्यवाही बाबत सूचना अन्तर्गत सूचना काक अधिकार अधि., 2005 उपलब्धक रावे तथा यदि इस बारे में जिला कलक्टर (सतर्कता) जोधपुर कार्यालय के द्वारा पत्राचार किया गया है तथा ऐसे समस्त पत्राचार की सत्यापित प्रति उपलब्ध कराने व अन्य बिन्दुओं, से संबंधित सूचना के लिए लोक सूचना अधिकारी (जिला कलक्टर जोधपुर कार्यालय) को प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील दर्ज रजिस्टर कर रेस्पो.पक्ष (अपर जिला कलक्टर प्रथम जोधपुर) से तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगी गई। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। रेस्पो.पक्ष (अपर जिला कलक्टर प्रथम जोधपुर) से जरिये पत्रांक 755 दिनांक 09.06.2022 रिपोर्ट प्राप्त हुई जिसमें बतलाया कि प्रभारी अधिकारी, सतर्कता एवं संस्थापन अनुभाग, कार्यालय हाजा से प्राप्त रिपोर्ट अनुसार प्रार्थी श्री गोविन्द राजपुरोहित को कार्यालय के पत्रांक 589 दिनांक 05.05.22 व 616 दिनांक 13.05.22 द्वारा क्रमशः 05–05 पृष्ठों की सूचना प्राप्त करने हेतु राशि रूपये 20/– इस कार्यालय में जमा कराने हेतु लिखा गया था परन्तु प्रार्थी द्वारा नियमानुसार शुल्क जमा नहीं कराये जाने के फलस्वरूप प्रार्थी को सूचना उालब्ध कराया जाना संभव नहीं है। चूंकि लोक सूचना अधिकारी की रिपोर्ट अनुसार अपीलार्थी/प्रार्थी द्वारा निर्धारित शुल्क राशि जमा नहीं कराया जाने के कारण उन्हें सूचना नहीं दी गई है अतः अपीलाार्थी अब भी सूचना प्राप्त करने के लिए गंभीर है तो निर्धारित शुल्क जमा कराकर प्राप्त कर सकता है। प्रस्तुत अपील इस स्टेज पर निरस्त योग्य होने से निरस्त की जाती है। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ प्रेषित हो।	

Signature Not Verified
Digitally signed by Himanshu Gupta
Date: 2023.08.24 18:20:22 IST
Reason: SelfAttested